हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री


12 आंबा केंद्र में गूंजा पोलियो मुक्त भारत का संदेश...





12 तेज गति का कहर, बाइक दुर्घटनाग्रस्त एक युवक...






## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देने वालों पर कार्रवाई

**कांकेर।** पखांजुर थाना पुलिस ने 19 दिसंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए ग्राम संगम निवासी पवन कोरोटी का घर आंगन में अवैध धन अर्जित करने के लिए अवैध रूप से आने जाने वाले लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिला रहा था। आरोपी पवन कोरोटी के कब्जे से 2 नग डिस्पोजल गिलास, बाजारू मिक्चर को जप्त किया गया। संगम निवासी इन्द्रजीत विश्वास अपने हॉटल में अवैध धन अर्जित करने के लिए अवैध रूप से आने जाने वाले लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिला रहा था। शराब पीने वाले पुलिस को आते देखकर भाग गए। मौके पर आरोपी इंद्रजीत के कब्जे से 3 नग डिस्पोजल, बाजारू मिक्चर को जप्त कर दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### अनियंत्रित वाहन पोल से टकराया, चालक की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम सुरही मेन रोड में लगे बिजली पोल में टकराने से राजनांदगांव निवासी 31 वर्षीय नितिन साहू का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पाया गया कि आरोपी मृतक नितिन साहू 21 अक्टूबर को दोपहर 2 बजें सुरही मेन रोड में अपने वहान को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे लगे पोल को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से गंभीर चोट आया, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



# रेलवे ने 26 दिसंबर से किराया बढ़ाने का किया ऐलान, कांग्रेस ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की यात्रा के लिए किराए में बढ़ोतरी की घोषणा कर दिया है और यह नया किराया 26 दिसंबर 2025 से लागू होगा। 215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। भारतीय रेलवे ने अपने किराए के ढांचे में बदलाव करने का फैसला किया है, जिसके तहत जनरल, मेल व एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों के टिकट महंगे हो जाएंगे। रेलवे के द्वारा जारी घोषणा के तहत 215 किलोमीटर से कम के सफर पर किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसका मतलब है कि कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी। रेलवे ने सब-अर्बन (उपनगरीय) ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। भारतीय रेलवे की ओर से ट्रेन टिकट के दाम में यह इस साल की दूसरी बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले जुलाई महीने की पहली तारीख को रेल किराया बढ़ाया गया था। 1 जुलाई से भारतीय रेलवे की ओर से रेल किराये में की गई बढ़ोतरी भी इतनी ही थी। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के किराये में 1 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी, जबकि एसी ट्रेन से यात्रा करने पर 2 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से इजाफा किया गया था। इससे पहले 2020 में यात्री किराया बढ़ाया गया था।

## जनरल, मेल व एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों के टिकट होंगे महंगे

### कैटगरी अनुसार बढ़ाया गया किराया

रेलवे के मुताबिक 215 किमी से ज्यादा के सफर पर साधारण श्रेणी में 1 पैसा प्रति किमी की बढ़ोतरी होगी, वहीं, मेल व एक्सप्रेस में नॉन-एसी कैटगरी में 2 पैसा प्रति किमी किराया बढ़ जाएगा। एसी श्रेणी में भी 2 पैसा प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई है, वहीं 500 किमी की नॉन-एसी यात्रा पर यात्रियों को कुल मिलाकर सिर्फ 10 रुपये ज्यादा देने होंगे।



### साल में दो बार किराया बढ़ाना गलत है

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव का इस मुद्दे पर कहना है कि साल में रेलवे का दो बार किराया बढ़ाना गलत है, सरकार लगातार आम आदमी के जेब पर डाका डाल रही है। 215 किमी. से कम वालों का किराया नहीं बढ़ाया गया, इससे केवल महानगर के लोगों को ही ज्यादा लाभ मिलेगा। सरकार का यह दोहरा चरित्र संदेह के दायरे में है।

## सियासत : गांधी के नाम और गरीबों के हक पर भाजपा का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# मनरेगा में संशोधन का विरोध, कांग्रेस ने दिया धरना, केंद्र सरकार पर तीखा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने और उसका नाम बदलने की कथित कोशिशों के

- केंद्र सरकार के प्रस्तावित विधेयक को बताया रोजगार की कानूनी गारंटी पर हमला

खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने पुराना बस स्टैंड में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। इस धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए मजदूर शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला करते हुए कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत की जीवनरेखा बताया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि मनरेगा किसी एक सरकार की देन नहीं बल्कि जन आंदोलन की कोख से जन्मा कानून है। यह कानून ग्रामीण भारत के करोड़ों लोगों को काम की कानूनी गारंटी देता है और देशभर में 100 दिनों के रोजगार का अधिकार सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने महिलाओं, भूमिहीन मजदूरों और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया है तथा श्रम की गरिमा को स्थापित किया है।



वर्ष 2005 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने ग्रामीण मजदूरों के पलायन को रोकने और गांवों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से यह ऐतिहासिक कानून लागू किया था, जिसके तहत उसी गांव में व्यक्ति को रोजगार देने की गारंटी दी गई। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर ने कहा कि यह केवल मनरेगा का नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि भाजपा की मनरेगा को खत्म करने की सोची-समझी साजिश है। प्रदेश सचिव जितेंद्र सिह ठाकुर ने कहा कि यह सरकार गरीबों के अधिकारों से चिढ़ती है, इसलिए मनरेगा जैसे कल्याणकारी कानून पर लगातार प्रहार कर रही है।

कांग्रेस पार्टी इस मजदूर और गरीब विरोधी फैसले के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। प्रदर्शन के दौरान अन्य वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी रामराज्य और ग्राम स्वराज की परिकल्पना करते थे, जबकि भाजपा सरकार उनके नाम और विचारों से नफरत की राजनीति कर रही है।

### काम की न रहेगी गारंटी, न समय पर होगा भुगतान

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि भाजपा गोडसे की महिमा मंडन की राजनीति के तहत महात्मा गांधी की पुण्य स्मृति को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि किसी योजना से महात्मा गाँधी का नाम हटाकर उन्हें देश की चेतना से अलग नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी भारत के जन-जन में बसे हैं और उन्हें कोई साजिश मिटा नहीं सकती। नया विधेयक रोजगार की कानूनी गारंटी को समाप्त कर केंद्र नियंत्रित योजना लागू करने का प्रयास है, जिससे न तो काम की गारंटी रहेगी और न ही समय पर भुगतान की।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

धरना प्रदर्शन में प्रदेश सचिव जनकनंदन कश्यप, नितिन पोटाई, नवली मीना मंडावी, मांडवी दीक्षित, रूपसिंह पोटाई, तरेंद्र भंडारी, यासीन कराणी, सरजू शोरी, रोमनाथ जैन, महेन्द्र यादव, मनोज जैन, दीपक शोरी, धर्मेन्द्र मेहता, राजेन्द्र सलाम, कृष्णा नायक, कमलेश सेन, उदय शर्मा, विजय यादव, शेष गजबिए, सुरेश नाग, लोमेन्द्र यादव, इंद्रजीत विश्वास, नंदू राठी, अखिलेश चंदेल, मृदुला भास्कर, पवन कौशिक सहित कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शुभपल्ली में पड़ोसियों में विवाद के बाद मारपीट, काउंटर केस फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत शुभपल्ली में पड़ोसियों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद धीरे धीरे मारपीट में बदल गया और दोनो पक्ष ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट किया। घटना के बाद दोनो पक्ष एक दूसरे की शिकायत करने थाना पहुंचे। पुलिस ने दोनो पक्ष की बात सुनकर काउंटर केस दर्ज किया गया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे शुभपल्ली निवासी 45 वर्षीय असीम पाल पिता अशोक कुमार पाल ने पुलिस को बताया कि 19 दिसंबर को रात करीबन साढ़े 8 बजें मेरे पड़ोसी गणेश लोहर, सत्या मण्डल एवं प्रशांत विश्वास के द्वारा मेरी बेटी ज्योति पाल को गलत गलत टिप्पणी कर रहे थे। तो मैने बोला कि मेरी बेटी के संबंध में गलत मत बोलो। मेरा ऐसा बोलने पर गणेश लोहार, सत्या मण्डल एवं प्रशांत विश्वास के द्वारा मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। सभी ने मुझे एक राय होकर हाथ मुक्का, डंडा से मारपीट करने लगे। मेरी बेटी ज्योति पाल बीच बचाव करने आई तो गणेश लोहार की पत्नी मैरी लोहार के द्वारा मेरी बेटी के बाल खिचकर मारपीट किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गणेश लोहार, सत्या मंडल, प्रशांत विश्वास व मैरी लोहार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 7 सुभापल्ली पखांजुर निवासी 45 वर्षीय गणेश लोहार पिता गोपाल लोहार ने पुलिस को बताया कि 19 दिसंबर कि रात करीबन साढ़े 8 बजें मेरे पड़ोसी असीम पाल के द्वारा शराब के नशे में घर के बाहर गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर तुम कौन होते हो मना करने वाले बोलकर मेरे साथ गाली गलौज करने लगा। असीम पाल की पत्नी बीना पाल एवं ज्योति पाल के द्वारा भी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। सभी एक राय होकर हाथ मुक्का मारपीट करने लगे। मारपीट ▶▶| शेष पेज 10 पर



- बेटी पर टिप्पणी के बाद हुआ विवाद

## सांसद खेल महोत्सव में शानदार प्रदर्शन के लिए जागृति स्वर्ण पदक से सम्मानित

**दुर्गुकोंदल।** स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और पारंपरिक ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भानबेड़ा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव विधानसभा स्तरीय ओलंपिक के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न ग्रामों से आए खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। खेल महोत्सव में ग्राम बरगांव की उभरती हुई खिलाड़ी जागृति यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। 100 मीटर गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में जागृति यादव ने अपनी संतुलन क्षमता, गति और तकनीकी दक्षता का शानदार परिचय दिया। उन्होंने कड़े मुकाबले में 4 से अधिक मजबूत प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जागृति यादव की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, आयोजकों एवं ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान जागृति का आत्मविश्वास और निरंतर गति देखने योग्य रही, जिसने निर्णायकों और उपस्थित दर्शकों को भी प्रभावित किया। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण एवं ▶▶| शेष पेज 10 पर



## 3.50 लाख के एसीएसआर पैंथर कंडक्टर तार की साइड से चोरी

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत 132 केव्ही सेकंड सर्किट कांकेर-नगरी लाइन का कार्य के लिए सड़क किनारे रखे एसीएसआर पैंथर कंडक्टर तार को अज्ञात ने चोरी कर लिया। चोरी हुए तार कि अनुमानित कीमत साढ़े 3 लाख रूपए है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। सरोना थाना में चोरी की शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के रामपुर वार्ड निवासी 30 वर्षीय मनोज सोनी पिता राजकुमार सोनी ने पुलिस को बताया कि मेसर्स देवश्री एग्रोटेक प्रालि धमतरी में सुपरवाईजर के पद पर हूं। सीएसपीटीसीएल के वर्क आर्डर टीआर 1102/1678 रायपुर दिनांक 29.09.2023 के परिपालन में हमारी फर्म के द्वारा 132 केव्ही सेकंड सर्किट कांकेर-नगरी लाइन का कार्य किया जा रहा है। लाइन कार्य के लिए 5 मार्च को सीएसपीटीसीएल रायपुर से चालान क्रमांक 39 के तहत 16 नग एसीएसआर पैंथर कंडक्टर तार प्राप्त कर मालगांव व ग्राम बरकई के मध्य में 9 नग तथा ग्राम बरकई व सारवंडी के मध्य 7 नग एसीएसआर पैंथर कंडक्टर तार को सड़क किनारे ▶▶| शेष पेज 10 पर



## पालन-पोषण नवचेतना से गांवों की बदल रही तस्वीर, संवर रहा बचपन



### जिलेभर में माताओं की जागरूकता से हो रहा है बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में शिशु विकास की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायी पहल के रूप में 0 से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए पालन पोषण नवचेतना कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के समग्र विकास पर केंद्रित है, बल्कि माताओं को भी जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से माताएं अब बच्चों के पोषण, देखभाल, सीखने की प्रक्रिया और भावनात्मक विकास को बेहतर ढंग से समझ पा रही हैं। आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत कांकेर ब्लॉक के विभिन्न गांवों में सुपरवाइजरों द्वारा माता समूहों का अवलोकन किया गया, जहाँ यह देखने को मिला कि गांवों की माताएं अपने-अपने मोहल्लों में समूह बनाकर ऑडियो-वीडियो सामग्री के माध्यम से बच्चों के पालन-पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर रही हैं। नई-नई गतिविधियों के जरिए वे यह सीख रही हैं कि बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास पर किस प्रकार ध्यान दिया जाए। प्रत्येक माता समूह में एक लीडर माता होती है, जो साप्ताहिक बैठक आयोजित करती है। संस्था द्वारा भेजे गए ऑडियो-वीडियो को लीडर माता अन्य माताओं को दिखाकर डेमो के माध्यम से समझाती है और उन्हें घर पर बच्चों के साथ गतिविधियां करने के लिए प्रेरित ▶▶| शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप

### विधायक ने लंजोड़ा में किया महतारी सदन निर्माण का भूमिपूजन



**फरसगांव।** विकासखंड के ग्राम लंजोड़ा में शनिवार की शाम महतारी सदन भवन निर्माण हेतु केशकाल विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम के द्वारा किया गया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रस्तावित महतारी सदन के निर्माण से भविष्य में ग्राम की महिलाएं स्व-सहायता समूह की बैठकें, प्रशिक्षण, कौशल विकास, योजनाओं की जानकारी एवं सामाजिक गतिविधियां एक ही स्थान पर संचालित कर सकेंगी। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया को मजबूत करने का सशक्त मंच मिलेगा। लंजोड़ा में किया गया यह भूमिपूजन विधायक टेकाम जी की जनकल्याणकारी सोच और नारी शक्ति के उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो आने वाले समय में गांव की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा ।

### धनोरा में लगा 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर



**धनोरा।** जनपद पंचायत केशकाल के ग्राम पंचायत धनोरा में छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर प्रशासन गांव की ओर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनों तक सीधे प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित कर उनकी समस्याओं का निराकरण करना है। शिविर में कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनको विभिन्न विभागों के द्वारा निराकरण किया जाएगा। शिविर में केशकाल विधानसभा के विधायक श्री नीलकंठ टेकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई, जिला पंचायत सदस्य श्री कपिलकांत नाग, जनपद सदस्य तथा सभी जनप्रतिनिधि गण, सीईओ जनपद केशकाल, तहसीलदार धनोरा सम्मिलित हुए। इस शिविर में कुल 20 ग्राम पंचायत क्लस्टर लेवल पर शामिल थे।

### विधायक ने शोकाकुल परिवारों से की आत्मीय मुलाकात



**फरसगांव।** केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के फरसगांव ब्लाक अन्तर्गत ग्राम फूफगांव एवं भूमका में शोकाकुल परिवारों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दुःखद घड़ी में विधायक ने परिजनों के दुःख को अपना दुःख मानते हुए उन्हें ढांढस बंधाया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। जनप्रतिनिधि के रूप में ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील व्यक्ति के रूप में विधायक जी की यह उपस्थिति यह दर्शाती है कि वे क्षेत्रवासियों के सुख-दुःख में सदैव साथ खड़े रहते हैं। शोक की इस घड़ी में उनका मानवीय सरोकार और आत्मीय व्यवहार जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### धनोरा में यादव समाज ने धूमधाम से मनाया गोवर्धन पर्व



**धनोरा।** ग्राम धनोरा में 18 दिसंबर को कृष्ण मंदिर परिसर में सर्व यादव समाज द्वारा गोवर्धन पर्व धूमधाम से मनाया गया है इस अवसर पर यादव समाज प्रमुख हो द्वारा उपस्थित लोगों को समाज के विकास व मजबूती के लिए एक जो ठोकर होकर कार्य करने का आहान किए गए हैं इस अवसर पर सभी लोगों ने गोवर्धन पूजा अर्चना व खिचड़ी प्रसाद गौ माता पूजा अर्चना अपरांत वितरित किया गया सभी के सहयोग से कार्यक्रम स्थल से राधा कृष्ण बलराम की भव्य कलश यात्रा निकाल गई कार्यक्रम में रमेश यादव व अन्य समाज प्रभु को ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान में लगाए जाएंगे राजस्व शिविर

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की राजस्व प्रकरणों का समाधान गंभीरता और समयबद्ध तरीके से किया जाए।

कलेक्टर ने आरबीसी प्रकरणों को प्राथमिकता देने और नवीन राजस्व ग्रामों के अभिलेख निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। इससे संबंधितों को त्वरित राहत और सुविधा मिलेगी। बैठक में कलेक्टर ने न्यायालयवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र निपटान के लिए निर्देशित किया। एसडीएम और तहसीलदारों को अपने–अपने क्षेत्रें में लंबित मामलों की समीक्षा कर उनका निराकरण सुनिश्चित करने कहा गया।

बैठक में विवादित और अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटिसुधार, अभिलेख शुद्धता, ई–नामांतरण पंजी, स्वामित्व योजना, भूअर्जन एवं दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई।



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर वहिदुर्रहमान शाह, कोण्डागांव एसडीएम अजय उरांव, फरसगांव एसडीएम अश्वन पुसाम, केशकाल एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक सहित सभी तहसीलदार उपस्थित रहे।

## आयोजन : कोंडागांव में भाजपा की विधानसभा स्तरीय विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने जागरुकता पर जोर, कार्यकर्ताओं को मिला विशेष प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जिला मुख्यालय स्थित आक्शन हॉल में महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें में वोटर सूची के प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

▪ विधायक लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में रहीं उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करना है।कार्यशाला की अध्यक्षता व मार्गदर्शन बस्तर संभाग प्रभारी हरपाल सिंह भामरा ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर–घर पहुंचकर नए मतदाताओं के पंजीयन, नाम सुधार और विलोपन प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी. वेंकटेश्वर, तथा भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प : हर पात्र नागरिक तक पहुंचे संदेश

कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि युवा, नए मतदाता, वरिष्ठ नागरिक और महिला मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने का प्रयास प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा के जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने संकल्प जताया। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में संगठन की सक्रिय भागीदारी से कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने जागरुकता पर जोर, कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

कोण्डागांव। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जिला मुख्यालय स्थित आक्शन हॉल में महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें में वोटर सूची के प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करना है। कार्यशाला की अध्यक्षता व मार्गदर्शन बस्तर संभाग प्रभारी हरपाल सिंह भामरा ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर–घर पहुंचकर नए मतदाताओं के पंजीयन, नाम सुधार और विलोपन प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी. वेंकटेश्वर, तथा भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि युवा, नए मतदाता, वरिष्ठ नागरिक और महिला मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने का प्रयास प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा के जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने संकल्प जताया। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में संगठन की सक्रिय भागीदारी से कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# यह सिर्फ सड़क नहीं, नारायणपुर-अबूझमाड़ के सर्वांगीण विकास की आधारशिलाः मंत्री कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

राज्य में सुशासन की नीति के तहत विकास की रोशनी अब दुर्गम अंचलों तक मजबूती से पहुंच रही है। नारायणपुर जिला और अबूझमाड़ क्षेत्र, जो लंबे समय तक भौगोलिक कठिनाइयों के कारण पिछड़े रहे, आज आधारभूत संरचनाओं के सशक्तिकरण के साथ विकास की नई राह पर अग्रसर हैं। सड़क, पुल-पुलिया और संपर्क मार्गों को मिली स्वीकृति ने क्षेत्र में नई उम्मीद और विश्वास का संचार किया है। नारायणपुर जिले के कुतुल–धुरबेड़ा–गट्टाकाल–लंका मार्ग लगभग 35 किमी तथा आदेर–हिकुल–ताकिलोड–बेल नार–भैरमगढ़ मार्ग लगभग 30 किलोमीटर में पुल-पुलिया निर्माण सहित सड़क कार्यों की स्वीकृति को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इन मार्गों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, सुरक्षा व प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच मजबूत होगी। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की दूरदर्शी,संवेदनशील और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है,प्रदेश का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे। मंत्री एवं नारायणपुर विधायक श्री कश्यप ने कहा कि यह स्वीकृति केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देने वाला निर्णय है।

### अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य



मंत्री श्री कश्यप ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। इन परियोजनाओं से स्थानीय रोजगार बढ़ेगा,वनोपज और कृषि उत्पादों के परिवहन में सुविधा मिलेगी, साथ ही पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। इस स्वीकृति पर नारायणपुर एवं अबूझमाड़ क्षेत्रवासियों ने इसे वर्षों पुरानी मांग की पूर्ति बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कैबिनेट मंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निर्णय आने वाले वर्षों में क्षेत्र को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## छात्रों को वर्चुअल उपचारात्मक शिक्षण देने की कलेक्टर का शिक्षकों से आव्हान

**कांकेर।** बोर्ड परीक्षा 2025-26 में जिले के विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं व्याख्याताओं के नाम अनुरोध सह अव्हान पत्र जारी किया गया है, जिसमें शीतकालीन अवकाश के दौरान भी कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए वर्चुअल उपचारात्मक शिक्षण संचालित करने के लिए अनुरोध किया है।

कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा है कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक सुदृढ़ीकरण को दृष्टिगत करते हुए बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए विषयवार ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जाए। यह कक्षाएं विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अथवा अन्य उपलब्ध डिजिटल माध्यमों से शिक्षकों की सुविधा अनुसार संचालित की जाएंगी और साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि किसी विद्यालय में भौतिक कक्षाएं लेना संभव हो, तो यह विद्यार्थियों के लिए और अधिक लाभकारी होगा। अपनी अपील में कलेक्टर ने बताया कि इन कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य कमजोर, औसत एवं परीक्षा उन्मुख विद्यार्थियों को लक्षित कर उपचारात्मक सहयोग प्रदान करना है। बोर्ड परीक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण अध्यायों, कठिन टॉपिक्स, प्रश्न-पैटर्न, पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्र, मॉडल प्रश्नों की पुनरावृत्ति पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही उत्तर लेखन अभ्यास, समय प्रबंधन तथा प्रस्तुति कौशल विकसित करने के लिए भी विद्यार्थियों को नियमित मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## बोरगांव आंगनबाड़ी केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को फरसगांव विकासखंड के ग्राम बोरगांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।



कलेक्टर ने बच्चों के लिए दो ड्रेस की उपलब्धता, मनोरंजन के लिए टीवी, खेल सामग्री तथा नियमित गतिविधियों को और बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए। साथ ही "सुसज्जित आंगनबाड़ी केंद्र प्रतियोगिता" में बेहतर प्रदर्शन के लिए केंद्र को सुव्यवस्थित रखने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोस्ट विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पाया है, उनका रोस्टर तैयार कर शत–प्रतिशत आधार निर्माण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत पात्र बच्चियों के खाते खुलवाने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश नेताम एवं तहसीलदार जय नाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# टाइगर बॉय चेदरु मंडावी की स्मृति में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले के गढ़बेगाल निवासी टाइगर बॉय स्वर्गीय चेंदरु मंडावी की यादों को संजोए रखने के उद्देश्य से पिछले सात वर्षों से लगातार रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के आठवां संस्करण 22 दिसंबर से खेल परिसर मैदान में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन प्लसवन के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसका नेतृत्व समाजसेवी और खेल प्रेमी पंकज जैन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में प्लसवन के युवाओं के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता की शुरुआत की गई थी। उद्देश्य केवल एक क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करना नहीं था, बल्कि जिले के युवा खिलाड़ी स्व. चेंदरु मंडावी को याद रखें और उनके संघर्ष, साहस व खेल भावना से प्रेरणा लें। लगातार सात वर्षों तक सफल आयोजन के बाद अब यह प्रतियोगिता जिले की एक पहचान बन चुकी है। इस बार प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के साथ-साथ मध्यप्रदेश और हैदराबाद से भी क्रिकेट टीमें भाग लेने आ रही हैं। बाहरी राज्यों की टीमों की भागीदारी से टूर्नामेंट का स्तर और प्रतिस्पर्धा दोनों ही बढ़ने की उम्मीद है। आयोजकों के अनुसार, यह पहला अवसर होगा जब इतने बड़े पैमाने पर अंतरराज्यीय टीमें नारायणपुर में रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

### विजेता को दो लाख, उपविजेता को एक लाख देंगे ईनाम




श्री जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को दो लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को एक लाख रुपये का इनाम मिलेगा। इसके अलावा, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए भी व्यक्तिगत पुरस्कारों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और मनोबल और बढ़े।

# आमाकड़ा के खिलाड़यों को विधायक सावित्री ने 1 लाख देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गकोंदल



संकुल केंद्र आमाकड़ा के अंतर्गत ग्राम कोटपारा में आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह 20 दिसंबर को भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर विधायक ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके खेल विकास के लिए क्रीड़ा पोशाक के लिए 1 लाख रुपए की घोषणा की। इस घोषणा से खिलाड़ियों एवं आयोजकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें उचित संसाधन और प्रोत्साहन देने की। खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के दौरान प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर कबड्डी और खो-खो जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। माध्यमिक स्तर पर व्यक्तिगत चैंपियनशिप में बालक वर्ग में राकेश महाव एवं बालिका वर्ग में ट्विंकल जैन ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। प्राथमिक स्तर पर कबड्डी बालक वर्ग में प्राथमिक शाला आमाकड़ा प्रथम एवं सटेली द्वितीय स्थान पर रही, जबकि कबड्डी बालिका वर्ग में प्राथमिक शाला राउरवाही प्रथम रही। खो-खो प्रतियोगिता में भी विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। माध्यमिक स्तर पर कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिताओं में माध्यमिक शाला कोटपारा, राउरवाही, महेंद्रपुर एवं आमाकड़ा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेता एवं सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। यह प्रतियोगिता न केवल बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास को मजबूत करने वाली सिद्ध हुई, बल्कि ग्रामीण स्तर पर सामूहिक सहभागिता और उत्सव का वातावरण भी निर्मित किया।

समारोह में ब्लॉक उपाध्यक्ष आनंद तेता, सुना राम तेता, जनपद सदस्य पिलम नरेटी, सरपंच चंद्रिका नेताम, बलराम टेपरिया, संकुल प्राचार्य आमाकड़ा राजेंद्र कुमार अवाड़े सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### शुभपल्ली में पड़ोसियों...

से मेरे दाहिने आंख व पीठ के पास चोट लगा है। बीच बचाव करने आये प्रशांत विश्वास और मैरी लोहार तथा जोगिता मंडल को भी चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी असीम पाल, बीना पाल व ज्योति पाल के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### 3.50 लाख के...

रखा गया था। बरकई व सारवंडी के मध्य काम शुरू किया गया था। कुल 04 नग ड्रम लगाया गया था, बरसात शुरू होने व खेतो में फसल होने के कारण 17 जून से काम बंद था। उसके कुछ माह बाद 3 दिसंबर को सुपरवाइजर द्वारा दोनो साइट के मटेरियल तार का निरीक्षण करने पर मालगांव से बरकई के मध्य सड़क किनारे रखे 09 नग तथा बरकई से सारवंडी के मध्य सड़क किनारे रखे 03 नग तार ड्रम सही पाया गया था।

तीन दिन बाद 6 दिसंबर को मनीष भोसले व मेरे द्वारा पुनः निरीक्षण करने पर मालगांव से बरकई के मध्य सड़क किनारे रखे 09 नग तार ड्रम में से 01 नग तार ड्रम (एसीएसआर पैंथर कंडक्टर तार) नही था। आसपास पता तलाश किया गया लेकिन नही मिला, शंका है कि 01 नग एसीएसआर पैंथर कंडक्टर तार को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। चोरी तार की अनुमानित कीमत 3 लाख 50 हजार रूपएं है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सांसद खेल महोत्सव...

पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किया जा रहा है। गेड़ी दौड़ जैसे पारंपरिक खेल न केवल शारीरिक संतुलन और सहनशक्ति को विकसित करते हैं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और विरासत को भी सहेजने का कार्य करते हैं। प्रतियोगिता के आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त माध्यम हैं। खिलाड़ियों को आगे जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा के अवसर भी मिलेंगे। जागृति यादव की इस सफलता को क्षेत्र की अन्य बालिकाओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत माना जा रहा है। खेल महोत्सव का यह आयोजन न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच बना, बल्कि ग्रामीण युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ।

### पालन- पोषण नवचेतना...

करती है। इस दौरान माताओं ने कई सकारात्मक अनुभव साझा किए। माताएं अब स्वयं बच्चों को लोरी, कहानियां सुनाती हैं और बच्चों के साथ समय बिताने लगी हैं, जिसका असर बच्चों के व्यवहार और सीखने की क्षमता में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। माता समूहों के आपसी सहयोग, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया और सक्रिय भागीदारी को देखकर विजिट टीम ने संतोष व्यक्त किया। यदि जिले के सभी गांवों में इस तरह के माता समूह सक्रिय हो जाएं, तो बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने और उनकी शिक्षा की मजबूत नींव रखने में यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। संस्था का यह प्रयास आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी सहायक सिद्ध हो रहा है। विजिट के दौरान सुपरवाइजर टीम में सीतानाथ, लता , सुनीता, लोकेश्वरी साहू, तिजेश सिन्हा, राहुल दत्ता रॉय एवं सौरव उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी ने पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मेलन में जीते 7 प्रतिष्ठित पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और एक जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का विषय सशक्त विकास, जड़ों का संरक्षण रहा। जिसमें जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण पहल, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच तथा कॉर्पोरेट संचार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान के लिए एनएमडीसी की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और राष्ट्र-निर्माण के प्रति संगठन के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है।

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड के जैव प्रौद्योगिकी मंत्री गणेश जोशी, सांसद नरेश बंसल तथा स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। पुरस्कार मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा, वन मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. प्रसाद गौरीनेनी सहित उद्योग जगत की अन्य विशिष्ट हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से च. श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) ने संगठन की ओर से सम्मान ग्रहण किया। एनएमडीसी को सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्ट तथा गृह पत्रिका (हिंदी) के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने हेतु सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान एवं विकास प्रयास तथा महिला विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ सीएसआर परियोजना के लिए द्वितीय पुरस्कार, जबकि सीएसआर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ पीएसयू और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली उत्कृष्ट पहलों के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

अपने नेतृत्व को और मजबूत करते हुए, एनएमडीसी पीआरएसआई द्वारा मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रों में व्यापक पहलों को आगे बढ़ा रहा है। संरचित कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से एनएमडीसी भविष्य के लिए प्रतिभाओं का निर्माण कर रहा है तथा युवाओं में रोजगार क्षमता को बढ़ा रहा है।

### एनएमडीसी की उपलब्धियों को किया गया सम्मानित



### विश्वास को सुदृढ़ कर रहे

टीम को बधाई देते हुए जी. प्रियदर्शिनी, निदेशक कार्मिक ने कहा ये सम्मान इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि सार्थक प्रगति तब हासिल होती है जब प्रदर्शन उद्देश्य से निर्देशित हो और स्पष्टता के साथ संप्रेषित किया जाए। हमारी यात्रा खनन से आगे बढ़कर समुदायों को सशक्त बनाने, कौशल को पोषित करने, नवाचार को आगे बढ़ाने और राष्ट्र के विकास में जिम्मेदारीपूर्वक योगदान देने तक विस्तृत है। ये पुरस्कार हमारी टीम की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके माध्यम से वे एनएमडीसी के इतिहास को प्रामाणिकता, प्रभाव और गर्व के साथ प्रस्तुत करते हुए सभी हितधारकों के साथ विश्वास को सुदृढ़ कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में भांजे की मौत, मामा घायल

**धमतरी।** परीक्षा दिलाकर भिलाई से मामा के साथ वापस लौट रहे भांजे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। वहीं घटना में मामा घायल हो गया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार किशन मरकाम पिता झुनऊराम उम्र 21 वर्ष ग्राम भुरसीडोंगरी थाना सिहावा निवासी अपने मामा उधोराम नेताम उम्र 28 वर्ष ग्राम अड़मुड़ा थाना दुगली निवासी के साथ शुकवार को मोटरसाइकिल से रेलवे की परीक्षा दिलाने भिलाई गया था। जहां से देर शाम दोनों लौट रहे थे। नगरी रोड से गुजरी रही उनकी मोटरसाइकिल केरेगांव जंक्शन के पास अचानक गड्ढे में गिर गई। इ घटना में किशन के सिर व पैर में गंभीर चोट लगी थी। वहीं मामा उधोराम के पैर में चोट आई है। एम्बुलेंस की मदद से घायल किशन को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया।

### हेरोइन बेच रहा युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** इंडोर स्टेडियम के पास हेरोइन-चिट्टा की बिक्री कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 58 हजार 400 रूपये का मादक पदार्थ जप्त किया है। पुलिस को मुखबिर से आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम के पास एक युवक रवि सोनी द्वारा अवैध रूप से हेरोइन-चिट्टा की बिक्री किये जाने की सूचना मिली। जानकारी से तत्काल धमतरी एसपी को अवगत कराया गया। एसपी श्री परिहार द्वारा तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने पुलिस को निर्देशित किया गया। निर्देश का पालन करते कोतवाली पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। पुलिस टीम मुखबिर के बताये गये स्थान इंडोर स्टेडियम के पास पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर स्टेडियम के ग्राउंड गेट के पास युवक को अवैध रूप से मादक पदार्थ हेराइन-चिट्टा रखकर बिक्री करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

### देवभक्ति-देशभक्ति के संगम ने जगाया राष्ट्रप्रेम का ज्वार

# तिरंगे की छांव में सम्मान, शौर्य को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





कृष्णा गार्डन में आयोजित एकल अभियान के भव्य कार्यक्रम ने देवभक्ति और देशभक्ति का ऐसा अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित हर नागरिक और सैनिक के मन में राष्ट्रप्रेम की नई ऊर्जा भर दी। चार घंटे तक चले इस आयोजन में भक्ति, संस्कृति और शौर्य की त्रिवेणी बहती रही। मंच से उठते राष्ट्रगीतों, भारत माता के जयघोष और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक और आकर्षक क्षण रहा सैनिक सम्मान समारोह, जहां सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मानित कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया गया। सम्मान पाकर सैनिकों के चेहरे पर गर्व और आंखों में भावुकता साफ झलक रही थी। सैनिकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल उनका मनोबल बढ़ता है, बल्कि देश के लिए पुनः कुछ करने की प्रेरणा भी मिलती है।

भारत के रंग,एकल के संग' कार्यक्रम में श्रीमद् रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका, देशभक्ति मेडले और विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक झलक ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। भारत माता की महाआरती ने पूरे वातावरण को दिव्यता से भर दिया। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय संस्कृति का परचम लहराने वाली कलाकार टीम की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। ग्रामीण और शहरी समाज की एक साथ भागीदारी ने यह संदेश दिया कि राष्ट्र निर्माण में हर वर्ग की समान भूमिका है।

### ग्रामीण भारत के उत्थान का सशक्त संदेश

एकल अभियान के इस आयोजन ने स्पष्ट किया कि शिक्षा, संस्कार,स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के माध्यम से ग्रामीण भारत को मजबूत किए बिना राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता। बस्तर संभाग के सैकड़ों गांवों में संचालित एकल विद्यालयों और सेवा प्रकल्पों की झलक ने लोगों को यह एहसास कराया कि राष्ट्रसेवा केवल सीमाओं पर ही नहीं,बल्कि गांव-गांव में भी होती है।

## पोलियो अभियान के अव्यवस्था पर उठे सवाल

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय पोलियो दिवस के अवसर पर बस्तर जिले में चले पोलियो अभियान में भारी



अव्यवस्थाएं सामने आईं। शहर के अधिकांश वार्डों में न तो पोलियो बूथ नजर आए और न ही किसी प्रकार का व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह स्थिति तब है, जब 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। अभियान के दौरान न पोस्टर दिखे, न मुनादी हुई और न ही मीडिया के माध्यम से कोई प्रभावी प्रचार किया गया,जिससे कई अभिभावक बच्चों को बूथ तक लाने से वंचित रह गए।

शहर में यह तर्क सामने आया कि पोलियो अभियान के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं है। इसके चलते कई वार्डों में बूथ ही स्थापित नहीं किए गए। दूसरी ओर बड़े-बड़े विज्ञापनों, होर्डिंग्स और आयोजनों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं दिखी। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या जनस्वास्थ्य जैसे संवेदनशील अभियान सरकार की प्राथमिकता से बाहर हो चुके हैं। स्वास्थ्य कर्मियों और स्थानीय स्तर पर जुड़े कार्यकर्ताओं को भी स्पष्ट दिशा-निर्देश और सहयोग के अभाव में काम करना पड़ा,जिससे अभियान की गंभीरता प्रभावित हुई।

## लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम बना खेल का अंतर्राज्यीय केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/ भोण्ड

- भोपाल की टीम 26 दिसंबर को उतरेगी मैदान में

बस्तर स्थित ऐतिहासिक लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में शहीद स्व. रंजीत कश्यप की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट ने पूरे क्षेत्र को खेल उत्सव में बदल दिया है। लगभग 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित यह प्रतियोगिता 16 से 27 दिसंबर तक चल रही है, जिससे बस्तरवासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। यह टूर्नामेंट शहीद स्व. रंजीत कश्यप को समर्पित है, जहां खेल के माध्यम से उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ शहीद के परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। जिससे आयोजन को भावनात्मक और ऐतिहासिक महत्व प्राप्त हुआ। लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में चल रही यह रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता अब अंतर्राज्यीय टूर्नामेंट का रूप ले चुकी है। कुछ दिन पूर्व कोटपाड़ उड़ीसा की टीम के शामिल होने के बाद अब भोपाल की मजबूत टीम भी टूर्नामेंट में शिरकत करने बस्तर पहुंच चुकी है। उड़ीसा और मध्यप्रदेश जैसी बाहरी टीमों की भागीदारी बस्तरवासियों के लिए गर्व की बात है। भोपाल की टीम को एक अत्यंत मजबूत टीम माना जा रहा है। इस टीम में कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस जैसी आईपीएल टीमों के नेट बॉलर भी शामिल हैं। बस्तर के खेल इतिहास में यह पहली बार है जब इतने बड़े स्तर के खिलाड़ी और अंतर्राज्यीय टीमें एक साथ मैदान में नजर आ रही हैं।

क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र 26 दिसंबर को होने वाला मुकाबला रहेगा। जब भोपाल की टीम और जगदलपुर की टीम आमने-सामने होंगी। इस मैच को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।



## खेल महोत्सव में छात्रों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

अरुणोदय पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय दसवां वार्षिक खेल महोत्सव हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अगाधू महापात्र द्वारा मशाल प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने मार्च-पास्ट एवं फ्लैग मार्च प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्या नीलिमा रथ ने खेलों को जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम-भावना का आधार बताया। वहीं निदेशक संतोष महापात्र ने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

महोत्सव के दौरान विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए दौड़, वॉलीबॉल, रिले रेस, लंबी कूद, गोला फेंक एवं खो-खो सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इंटर-हाउस प्रतियोगिता में रेड हाउस (वशिष्ठ हाउस) ने ओवरऑल विजेता तथा ग्रीन हाउस (अगस्त्य हाउस) ने उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। आयोजन के दौरान विद्यालय में खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

## कम्बल-साड़ी का वितरण...



**जगदलपुर।** रामकृष्ण सारदा सेवाश्रम, धरमपुरा की ओर से मां सारदाजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र कोलेग गांव में 300 नग कम्बल और 55 नग साड़ी का वितरण सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बसंत मंडल, आशीष बेनर्जी, सन्तोष पाल, राम चन्द्र साहा,गौतम आचार्य, मिहिर मिस्त्री, दिलीप कुंडू, हरितोस पाल एवं बैजनाथ उपस्थित थे।

# अय्यप्पा मंदिर के अन्नदानम में भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के वृंदावन कॉलोनी के निकट स्थित भगवान श्री अय्यप्पा मंदिर में चल रहे 41 दिवसीय मण्डल व्रत पूजा विधान के तहत रविवार को भव्य नारायण सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। भगवान श्री अय्यप्पा को अन्नदानप्रभु इसलिए कहा जाता है क्यों कि उन्हें अन्न का दान करना सबसे प्रिय है, हिंदू मान्यता के अनुसार भी यह महत्वपूर्ण है, क्यों कि अन्नदान हमारे पिछले कर्मों को जलाने में मदद करता है। इससे हमें अन्नदान से लाभान्वित होने वाले व्यक्ति के आशीर्वाद में संतुष्टि की भावना मिलती है, जो हमारे जीवन में सकारात्मकता जोड़ती है।

बताया जा रहा है कि प्रतिवर्ष भगवान श्री अय्यपा मंदिर में 41 दिवसीय मण्डलव्रत पूजा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष विगत 16 नवम्बर से मण्डलव्रत पूजा प्रारंभ हुई थी, इस पूजा विधान का समापन आगामी 26 दिसम्बर को होगा। इस दौरान अय्यप्पा मंदिर में प्रतिदिन विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। मण्डल व्रत पूजा में नारायण सेवा, अन्नदानम या महाभण्डारे का विशेष महत्व होता है। भगवान अय्यप्पा को अन्नदान प्रभु भी कहा जाता है, इस लिए हर वर्ष इस आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया जाता है। इस वर्ष भी व्यापक रूप से व्यवस्था की गयी थी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए। प्रति दिन यहां शाम को दीपाराधना सहित भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, इसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

## क्रिसमस ट्रॉफी : रोमांचक मुकाबलों से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ईबीए मिशन ग्राउंड में क्रिसमस ट्रॉफी 2025 का शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। लंबे समय से क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए पहचाने जाने वाले आयोजनकर्ता क्लब ने इस वर्ष खिलाड़ियों और फुटबॉल प्रेमियों की मांग पर फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित कर खेल संस्कृति को नई दिशा दी है। पहले ही दिन दर्शकों की अच्छी मौजूदगी ने यह संकेत दे दिया कि जगदलपुर में फुटबॉल के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है।

प्रतियोगिता का पहला मैच बेहद रोमांचक रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोल करने में असफल रहीं, जिसके बाद मैच का निर्णय टाईब्रैकर से किया गया। अंततः एक टीम ने 4–3 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में दमदार शुरुआत की। दूसरा मुकाबला अपेक्षाकृत एकतरफा रहा, जिसमें विजेता टीम ने 2–0 से स्पष्ट बढ़त बनाते हुए मैदान पर अपना दबदबा कायम रखा। टूर्नामेंट के दूसरे दिन कुल तीन मैच खेले जाएंगे, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी तीखी होने की उम्मीद है। स्थानीय और बाहरी टीमों की भागीदारी से प्रतियोगिता को व्यापक स्वरूप मिला है। आयोजकों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य सिर्फ प्रतियोगिता कराना नहीं,बल्कि युवाओं को नियमित खेल गतिविधियों से जोड़कर सकारात्मक ऊर्जा देना है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिशप (धर्मगुरु) शामूएल सुना, डीएस बस्तर (पुलिस) रविन्द्र नाथ तथा पास्टर (धर्मगुरु) लारेंस दास की उपस्थिति में हुआ। आयोजन, मैच संचालन और अतिथियों में दीपक डहरिया,राहुल लाल, सुमित नाग,विक्की पोडाल, विश्वजीत भट्टाचार्य,जोयल बेचक, सूर्यकुमार हारून,राजकमल हारून,धर्मनारायण साहू,अनिल, अविनाश, अभय माने,अविनाश सेत,जितेंद्र फाउलर, निखिल राज दास, प्रीतीश जेकब सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष सूर्या पानी,संरक्षक कांतो पानी,गौरनाथ नाग,यशवर्धन राव, सचिव जॉर्डन सामंत और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ईबीए मिशन ग्राउंड में शुरू हुई प्रतियोगिता में पहले दिन दो मुकाबले खेले गए, पहला मैच टाईब्रैकर से तय हुआ, दूसरे मैच में 2–0 की जीत दर्ज हुई। दूसरे दिन तीन मुकाबले प्रस्तावित हैं। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को मंच देना और जगदलपुर में फुटबॉल संस्कृति को सशक्त करना है।

## गृहमंत्री अमित शाह के संसद उद्बोधन के वीडियो क्लिप का किया गया प्रचार प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भारतीय जनता पार्टी बचेली मंडल में गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा एसआईआर, वोट चोरी तथा वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर संसद में दिया गया उद्बोधन का वीडियो क्लिप का विशेष प्रसारण किया गया। भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंडल में गृह मंत्री के द्वारा दिए गए उद्बोधन का आम जन के बीच व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना है जिस के तहत बचेली में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों के स्वागत उपरांत मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा तथा गृह मंत्री के उद्बोधन को संक्षेप में साझा किया।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के बारे में समस्त कार्यकर्ताओं तथा आम जन को विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कैसे विपक्षी पार्टियां भाजपा पर ऊल जलूल आरोप लगाती हैं और जब जवाब सुनने की बारी आती है तो संसद से भाग जाती हैं। जैसा कि अमित शाह ने संसद में चुनाव सुधारों विषय पर चर्चा में बताया था एसआईआर की शुरुवात अभी नही हुई है। यह प्रक्रिया कांग्रेस के समय से चलती आ रही है आजादी से अब तक करीब 10 बार एसआईआर हो चुकी है परंतु अब तक कभी इसका विरोध नही हुआ।

## घर-घर जा रही क्रिसमस कैरोल की टीम



**जगदलपुर।** प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाने के लिए मसीह समाज के लोगों में उल्लास है। घर से लेकर गिरजाघरों में सजावट का दौर शुरू हो गया है। स्थानीय चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में क्रिसमस कैरोल गीत गाने के लिए क्रिसमस कैरोल की टीम घर-घर जा रही है, लोगों में काफी उत्साह है। चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च के सोशल कमेटी के अध्यक्षआयुष सिंग ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय मेथोडिस्ट चर्च की कैरोल टीम 21 से 24 दिसंबर तक लगातार कलीसिया के लोगों के घर में जाकर प्रभु का संदेश देते हुए उनके साथ खुशियों को बांटते हुए चल रहे हैं। उसके बाद स्थानीय चर्च में बड़े दिन की आराधना संपन्न की जाएगी। साथ ही उन्होंने सारे मसीही समाज से कहा कि 28 दिसंबर को इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फैलोशिप की महारैली में सभी शामिल हो। इस दौरान उनके साथ रेव्ह. डीएस रविंद्र नाथ, युसूफ सिंह उपस्थित थे। इसकी जानकारी मसीह समाज के मीडिया प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप

### स्वयं की लापरवाही से मौत, अपराध कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत गुहानपारा और कोचवाही के बीच जंगल में 7 दिसंबर को बागडोंगरी निवासी 20 वर्षीय देवेंद्र यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने की वजह से इलाज के दौरान मौत होने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि आरोपी मृतक द्वारा स्वयं वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने से हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने आरोपी मृतक देवेंद्र यादव के खिलाफ धारा 281, 124 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत आलबेड़ा निवासी 40 वर्षीय सरजू राम कावड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आलबेड़ा निवासी 35 वर्षीय मनेश्वरी कावड़े ने पुलिस को बताया कि 15 दिसंबर को दोपहर 1 बजें मृतक ने गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या किस कारणों के किया, अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भोड़िया का दो दिवसीय वार्षिक देव मेला 23 को

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम भोड़िया में दो दिवसीय वार्षिक देव मेला का आयोजन 23 और 24 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा और साथ ही रात्रि कालिन कार्यक्रम भुईंया के श्रृंगार लोक नृत्य ग्राम होच्चेटोला जिला बालोद के द्वारा प्रस्तुति किया जाएगा। मेले में देवी देवता गांव भोडिया, डोंगरकट्टा, जामपारा, कनेचुर, कुर्री, इन गांवों कि देवी-देवताओं के साथ भारी संख्याओं के साथ लोग पहुंचते हैं।

### ग्राम सटेली शिविर में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई

**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत दुर्गुकोंदल विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में रविवार को शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। ग्राम सटेली में आयोजित टीकाकरण शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य पीलम नरेटी और सरपंच बलराम टेपारिया की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की दवा पिलाकर इस राष्ट्रीय मिशन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बच्चों के उज्वल और स्वस्थ भविष्य के लिए यह खुराक अत्यंत आवश्यक है। ग्राम महेंद्रपुर में भी पल्स पोलियो अभियान का आगाज बेहद सकारात्मक रहा।

अभियान

# आंबा केंद्र में गूंजा पोलियो मुक्त भारत का संदेश, बच्चों को पिलाई गई खुराक

## आंबा कार्यकर्ता और मितानिनों की रही भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले की सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम चिहरीपारा के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना रहा। स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के आपसी समन्वय से अभियान को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया गया और निर्धारित तिथि पर सुबह से ही आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति शुरू हो गई थी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान से पूर्व उन्होंने गांव में भ्रमण कर अभिभावकों को बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए जागरूक किया और आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचने का आग्रह किया। केंद्र में बच्चों को क्रमवार दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाई गई तथा उनकी जानकारी पंजी में दर्ज की गई, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र बच्चा अभियान से वंचित न रह जाए। पोलियो की खुराक पिलाने के दौरान अभिभावकों को पोलियो रोग के प्रति भी जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन ने बताया कि पोलियो एक गंभीर एवं लाइलाज बीमारी है, जिससे बचाव केवल नियमित टीकाकरण और पोलियो ड्रॉप्स से ही संभव है। समय पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने से उन्हें आजीवन सुरक्षा मिलती है और समाज को इस बीमारी से मुक्त रखा जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि पोलियो मुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब प्रत्येक अभिभावक जागरूक होकर अपने बच्चों को समय पर पोलियो की दवा पिलाए और ऐसे जनस्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाए।




### कोकानपुर में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई

**कोरर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम कोकानपुर में बीएमओ डॉ.शशांक गुप्ता के निर्देशानुसार 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो के 2 बूंद पिलाकर पोलियो दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के सरंपच कलिराम उइके, उपसरपंच योगिता राघवेन्द्र राजपूत, ग्राम पटेल माखन मंडावी ने किया गया। ग्राम पटेल माखन मंडावी ने अभिभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों को पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलाएं। उपसरपंच ने कहा कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए आगे आएं 5व र्ष से कम उम्र के हर बच्चों को जिंदगी की दो बूंद पिलाएं और पोलियो से सुरक्षित रखे। स्वास्थ्य कार्यकर्ता उत्तम साहू ने बताया कि भारत 2014 से पोलियो मुक्त है, लेकिन पड़ोसी देश में अभी भी पोलियो वायरस प्रभावित कर रहा है, इसलिए सतर्कता जरूरी है। प्रथम दिवस में टीकाकरण बूथ में 68 बच्चों को जिंदगी के दो बूंद पल्स पोलियो की ड्राप पिलाया गया। कोई बच्चा छूट ना जाए इसलिए द्वितीय दिवस में गृहभेंट कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाना है। सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम में सुरेखा मंडावी, रूखमणी, दुलारी, बिंदा यादव, एसदेवी पिल्ले, मितानिन का योगदान रहा।

### पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने बच्चों पिलाई दवा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के उप स्वास्थ्य केंद्र लोहत्तर में पल्स पोलियो अभियान के तहत दो बूंद जिंदगी की पोलियो खुराक पिलाया गया। इस अवसर पर जनपद सभापति विकास राजु नायक ने पोलियो की खुराक पिलाकर शुरुआत किया। छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के हर बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत किया जा रहा है। विकास राजु नायक ने परिवारजनों कों पोलियो के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आइए हम सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएँ दो बूँद हर बार, पोलियो पर जीत बरकरार। इस महाअभियान में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 2 बूंद जिदंगी की पोलियो खुराक अवश्य पिलावें। हम सभी के सहयोग से भारतवर्ष में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा निश्चित हो सकेगी तथा एक स्वस्थ्य भारत का निर्माण किये जाने का संकल्प साकार हो सकेगा। हम सभी को विदित है पोलियो एक गंभीर बीमारी है जो बहुत से बच्चों की मृत्यु एवं दिव्यांगता का कारण बनती है, जिसमें शरीर में अचानक शिथिलता, लुजपुंज एवं लकवा होता है हालांकि पोलियो के प्रकरण 2011 से भारत देश में नहीं मिले है बावजूद पड़ोसी देशों यथा पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि देशों में इसके प्रकरण मिल रहे है जिनकी संख्या पूर्व से बढ़ी है। इस दौरान सरपंच बसंती भालेश्वर, स्वास्थ्य विभाग से तूलिका खैरखार, दिनेश ठाकुर गाँव की मितानिन उपस्थित रहे।



### स्वास्थ्य अमले की तत्परता से बच्चों को दी गई पल्स पोलियो की खुराक

**दुर्गुकोंदल।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 21 से 23 दिसंबर तक सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के साथ-साथ प्रत्येक बच्चे तक टीकाकरण सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत विकासखंड दुर्गुकोंदल में कुल 147 ग्रामों के लिए 161 पोलियो बूथ स्थापित किए गए, ताकि किसी भी ग्राम या पारा के बच्चों को पोलियो दवा पिलाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। विकासखंड स्तर पर कुल 6038 बच्चों को पोलियो पिलाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 3037 बालक एवं 3001 बालिकाएं शामिल थीं। अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्य से अधिक 6261 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई, इसमें 5 वर्ष से अधिक आयु के कुछ बच्चों तथा बाहर से आए बच्चों को भी पोलियो की



दवा पिलाई गई, जिससे शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित हो सका। अभियान की औपचारिक शुरुआत पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल में अशोक जैन द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर की गई। इसी क्रम में विकासखंड के समस्त पोलियो बूथों पर ग्राम के गायता, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को पोलियो पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। दुर्गम क्षेत्रों एवं छूटे हुए बच्चों तक पहुंचने के लिए तीन मोबाइल टीमों ने भी सक्रिय रूप से कार्य किया।

### पोलियो मुक्त समाज का संदेश और बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक

**नरहरपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि मुकेश संचेती ने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जिसे केवल समय पर टीकाकरण के माध्यम से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इनके सहयोग से ही पोलियो उन्मूलन संभव हो पाया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह द्वारा पोलियो से बचाव, टीकाकरण की आवश्यकता एवं राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को पोलियो उन्मूलन की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्यकर्मी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में मुख्य अतिथि ने सभी से अपील की कि वे पोलियो अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, ताकि समाज को पूर्ण रूप से पोलियो मुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बीपीएम भीखम चंद साहू, प्रवीण साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक दीपिका कुंजाम, कोल्ड चेन हैंडलर एवं मितानिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कराकी में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम कराकी में आयोजित त्रिदिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 19 दिसबंर को बड़े उत्साह और धूमधाम से हुआ। प्रतियोगिता में कुल 14 शालाओं से 176 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने खो-खो, कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक और तवा फेंक जैसी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपना कौशल और जौहर प्रदर्शित किया। बच्चों की ऊर्जा और प्रतिभा देखते बनती थी, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। समापन के अवसर पर अंतिम मैच खो-खो का आयोजन माध्यमिक शाला कोंडरूज और माध्यमिक शाला कराकी के बीच हुआ। यह रोमांचक मुकाबला अतिथियों की उपस्थिति में खेला गया, जिसमें कोंडरूज की टीम ने विजय



प्राप्त की। विजेता टीम को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि ने अपने बचपन की खेल यादों को साझा किया। उन्होंने विजेताओं की प्रशंसा की तथा उन प्रतिभागियों को, जो थोड़ा पीछे रह गए, प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगले वर्ष नए जोश और मेहनत के साथ प्रयास करें। विशेष अतिथि ने बच्चों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी समान ध्यान देने की सलाह दी। सरपंच की मांग पर उन्होंने गांव के लिए पानी टैंकर उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्य अतिथि ने संकुल समन्वयक की मांग पर लैपटॉप, प्रोजेक्टर एवं प्रिंटर प्रदान करने का आश्वासन दिया और साथ ही, माशा कराकी, माशा कोड़ेकुर्से तथा प्राशा मिचेवाडा के भवन मरम्मत कार्य की घोषणा की। सरपंच की मांग पर 200-200 मीटर के तीन सीसी रोड तथा कराकी स्कूल भवन की बाउंड्री वॉल निर्माण की भी घोषणा की गई। इन घोषणाओं से स्थानीय शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

# तेज गति का कहर, बाइक दुर्घटनाग्रस्त एक युवक की मौके पर मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ जर्जर सड़कों, लापरवाह प्रशासन और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण भी हादसे






क्षेत्र में शनिवार की देर शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें एक 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके साथ सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे ने एक बार फिर जर्जर सड़कों, लापरवाह प्रशासन और यातायात नियमों की अनदेखी की भयावह सच्चाई को उजागर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार 20 दिसंबर की देर शाम को तीन युवक बाइक क्रमांक सीजी 08 एटी 4125 से कोकपुर की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। बाइक पर सवार युवकों की पहचान 19 वर्षीय दीपेंद्र हिड़को, पिता कुंवर सिंह हिड़को, 19 वर्षीय गजेंद्र हिड़को, पिता शिवशंकर हिड़को और 19 वर्षीय विक्रम पोटाई, पिता शिवकुमार पोटाई के रूप में हुई है। तीनों युवक क्रुष्टीकुमार निवासी बताए जा रहे हैं। बाइक जब देवरी के पास पहुंची, तभी सड़क की अत्यंत खराब स्थिति और तेज रफ्तार के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया। इसी दौरान सामने से आ रही एक वाहन से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपेंद्र हिड़को ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गजेंद्र और विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए तत्परता से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। युवा दीपेंद्र की असमय मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। हर आंख नम है और हर दिल में प्रशासन के प्रति आक्रोश साफ झलक रहा है।

### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि देवरी मार्ग पर पहले भी कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद आज तक न तो सड़क की मरम्मत की गई और न ही स्पीड ब्रेकर या चेतावनी संकेत लगाए गए। रात के समय यह सड़क और भी खतरनाक हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मार्ग पर सड़क मरम्मत, स्पीड ब्रेकर और अन्य सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### युवकों ने सिर पर नहीं था हेलमेट

बाइक में दो सवार होने चाहिए, परंतु तीन लोग सवार थे, इसके साथ ही हेलमेट भी नहीं पहने हुए थे। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने के कारण भी हादसे गंभीर हो जाते है। यातायात पुलिस का कहना है कि बाइक चालक एवं उसके साथ पीछे बैठे युवक को हेलमेट लगाए होते तो इतने बड़े हादसे को रोक जा सकता था।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता- गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि